हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, सोमवार 9 मार्च 2026
देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल| नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर| रतलाम

04 उत्साह उमंग के साथ रंग पंचमी पर शहर में ...



07 श्रीतुवन मंदिर में बहेगी भक्ति व साहित्य की त्रिवेणी...



### धूमधाम से मनाई गई रंगपंचमी, नगर में निकाली गई श्री राधा कृष्ण फाग यात्रा

# फाग गीतों पर युवाओं और बच्चों के थिरके कदम, एक- दूसरे को लगाया रंग-गुलाल







हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

नगर में रंगपंचमी पर्व पर युवाओं तथा बच्चों ने जमकर रंग व गुलाल उड़ाया। हिन्दू उत्सव समिति द्वारा श्री राधा कृष्ण फाग यात्रा निकाली गई जिसमें आज ब्रज में होली रे रसिया रंग बरसे भीगे चुनर वाली रंग बरसे जैसे होली गीतों के साथ अन्य फिल्मी गीतों पर युवा तथा बच्चे की टोलियां नाचते थिरकते नगर की सड़को पर निकली फाग यात्रा में शामिल थे। सभी ने एक दूसरे को जमकर रंग गुलाल लगाया जिससे सड़के विभिन्न रंगों व गुलाल से पट गई। रविवार को नगर में रंगों का त्यौहार रंगपंचमी हर्षोल्लास व धूमधाम से परंपरागत तरीके से मनाया गया सभी ने सूखे रंगों से होली खेली पुरूषों के साथ-साथ महिलाएं भी रंगपंचमी पर एक दुसरे पर रंग लगाने में पीछे नहीं रही।

नगर में रंगपंचमी पर सुबह से ही बच्चों ने जहां अपनी-अपनी विभिन्न आकारनुमा पिचकारियों व गुब्बारों में लाल पिले हरे आदि रंग भरकर राहगीरों व दोस्तों को रंगना शुरू किया वही युवाओं द्वारा सूखे रंगों से होली खेली गई। पुरूषों ने भी अपने दोस्तो व साथियों के घरों पर जाकर उन्हें रंग लगाकर रंगपंचमी की शुभकामनाएं दी। महिलाओं व युवतियों ने भी समूहों के रूप में अपने रिश्तेदारों व सहेलियों के घरों पर जाकर एक दूसरे को रंग लगाकर त्यौहार की शुभकामनाएं देकर अपनी खुशी का इजहार किया। रंगों से परहेज करने वाले कई लोगों ने अपने परिवार व मित्रों के साथ खेतों पर व नगर से अन्य स्थानों पर जाकर पार्टी करके रंगपंचमी मनाई। हिन्दू उत्सव समिति के तत्वावधान में बुधवार को सुबह 10.30 बजे से सरदार पटेल चौराहे से श्री राधा कृष्ण फाग यात्रा निकाली गई जिसमें शामिल बड़ी संख्या में बच्चे व युवा फाग गीतों व बैंड की धुन पर थिरकते हुए नगर की सड़कों पर निकले। फाग यात्रा में आपसी मतभेद भुलाकर एक दूसरे को रंग गुलाल लगाया व होली की शुभकामनाएं दी व भांग ठंडाई का भी भरपूर आनंद लिया।

### कपड़ा फाड़ होली भी खेली

इस बार नगर के कई युवाओं द्वारा कपड़ा फाड़ होली खेली गई। इसमें युवाओं ने एक दूसरे के कपड़े फाड़ कर उन्हें रंग-गुलाल लगाकर रंग पंचमी के पर्व का आनंद लिया। इस बार भी होली का खुमार बढ़ चढ़कर लोगों में छाया रहा। प्रातःकाल से ही होली खेलना प्रारंभ हो गया था। होलियारों ने चेहरे पर खुशी के रंगों को ग्रुप सेल्फी लेकर वाट्सएप फेसबुक पर शेयर किया।

### बच्चों में रहा विशेष उत्साह

रंगों के पर्व रंग पंचमी पर बच्चों में विशेष उत्साह दिखाई दिया। सुबह से दोपहर तक अपने हम उम्रो के साथ रंगों की मस्ती में डूबे बच्चें हर किसी को रंग लगाते दिखाई दे रहे थे। रंग बिरंगे चेहरों में बच्चों की बाल मुस्कान हर किसी को आकर्षित कर रही थी। कई बच्चे गुब्बारों में रंग भरकर फेंक रहे थे तो कई पिचकारियों से रंग रहे थे।





### मां बगलामुखी के आंगन में मनाया रंगपंचमी पर्व



**नलखेड़ा।** बगलामुखी माता के दरबार में भी रंगपंचमी का पर्व हर्षोल्लास व धूमधाम से मनाया गया। माता का आकर्षक श्रृंगार किया गया था। मुख्य पुजारी परिवार ने माता के समक्ष विभिन्न प्रकार के रंग व गुलाल रखकर माता रानी को शगुन का गुलाल लगाया तथा मंदिर प्रांगण में स्थित पारदेश्वर श्री राधा कृष्ण मंदिर पर भी पुजारी परिवार द्वारा भगवान श्री राधे कृष्ण की प्रतिमा को गुलाल व रंग लगाया गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं द्वारा मंदिर परिसर में जमकर गुलाल व फूलों से होली खेली गई। साथ ही होली के गीतों पर जमकर नृत्य किया।



### एक दूसरे को लगाया रंग गुलाल

## जमकर चढ़ा रंग पंचमी का रंग, खूब उड़ाया रंग-गुलाल



हरिभूमि न्यूज ⏭ कानड़



रविवार को रंग पंचमी पर्व नगर में उत्साह और उमंग के साथ मनाया। सुबह से ही रंगपंचमी पर रंग और गुलाल उड़ाने का दौर शुरू हो गया था। रंग पंचमी पर पूरा नगर रंग और गुलाल से रंगा दिखा। नगर में अलग-अलग टोली बनाकर युवक युवतियां सड़कों पर निकले जो दिखा उसे पकड़ कर रंग लगाया। जगह-जगह चौराहों पर डीजे लगाकर युवाओं ने जमकर ठुमके लगाए तो वहीं महिला एवं युवतियां एवं छोटे-छोटे बच्चे भी अपनी टोलियों में रंग लगाने में और नाचने गाने में पीछे नहीं रहे। रंगपंचमी पर नगर में युवाओं के साथ ही नगर के जनप्रतिनिधि, महिलाओं, युवतियों और बच्चों द्वारा पूरे नगर में घूमकर एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली उत्सव की बधाई दी।

### अपनी अपनी मस्ती में मस्त होकर मनाया पर्व

नगर में रंगपंचमी पर्व लोगों द्वारा अपनी-अपनी मस्ती में मस्त होकर मनाया। किसी ने अपने चेहरे पर मास्क पहना, तो कोई कपड़े फाड़कर ठीठोलिया कर रहा था। वहीं नगर के जनप्रतिनिधि और युवक युवतियों की टोलियां भी प्रमुख मार्गों से होते हुए अपने अपने साथियों को रंगने के लिए निकल पड़े। रंग पंचमी पर बुजुर्ग युवा महिलाएं एवं बच्चे सब अपनी मस्ती में मस्त नजर आ रहे थे।

### पुलिस-प्रशासन रहा मुस्तैद

रंग पंचमी को लेकर पुलिस प्रशासन भी पूरी तरह सतर्क रहा। सुरक्षा की दृष्टि से नगर के प्रमुख चौराहों पर थाना प्रभारी लक्ष्मण सिंह देवड़ा सहित पुलिस जवान मुस्तैद रहे।



### 9 से 18 मार्च तक परिवेदना शिविर का होगा आयोजन

**नलखेड़ा।** लोक शिक्षण संचालनालय मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा जारी निर्देश अनुसार शिक्षकों के लंबित स्वत्वों के निराकरण के लिए विकासखंड नलखेड़ा अंतर्गत 9 मार्च से 18 मार्च तक परिवेदना शिविर का आयोजन होगा। उक्त जानकारी देते हुवे विकासखंड शिक्षा अधिकारी डॉ दिनेश कुमार त्रिवेदी ने बताया कि प्रतिदिन सुबह 10.30 बजे से सायं 5 बजे तक परिवेदना निवारण शिविर का आयोजन शासकीय सांदीपनि कन्या उमावि नलखेड़ा में होगा। शिविर में विकास खण्ड अंतर्गत कार्यरत तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी, शिक्षक संवर्ग, प्राचार्य एवं विभागीय अमला उपस्थित होकर निर्धारित प्रारूप पर आवेदन दे सकेंगे। उन्होंने बताया कि इस हेतु आवश्यक सभी व्यवस्थाओं के लिए संकुल प्राचार्य के साथ बैठक आयोजित कर ली है।

## मंडी चौराहे पर नवागत जिलाध्यक्ष वास्तवार का किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं के लिए पिछला एक सप्ताह दोहरी खुशियों की सौगात लेकर आया है। संगठन की मजबूती के लिए पार्टी ने जिले की कमान युवा और सक्रिय चेहरा माने जाने वाले चेतन वास्तवार भैयाद्ध को सौंपी है। जिलाध्यक्ष नियुक्त होने के बाद पहली बार सीहोर पहुंचे चेतन वास्तवार का कार्यकर्ताओं ने मंडी चौराहे पर ढोल-धमाकों



और आतिशबाजी के साथ जोरदार स्वागत किया। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष के स्वागत के लिए बड़ी संख्या में आप कार्यकर्ता मंडी चौराहे पर एकत्र हुए। कार्यकर्ताओं ने चेतन वास्तवार को फूलों के हारों से लाद दिया और मिठाई बांटकर अपनी खुशी जाहिर की। पार्टी के मध्य प्रदेश प्रभारी जितेंद्र सिंह तोमर द्वारा जारी सूची में चेतन की नियुक्ति को जिले में संगठन विस्तार के लिए एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। कार्यकर्ताओं का मानना है कि गन्नू भैया के नेतृत्व में पार्टी जिले में एक मजबूत विकल्प बनकर उभरेगी।

## सात दिन के बाद भी अस्पताल प्रबंधन पर नहीं हुई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेहटी

नगर के निजी विजयासन हॉस्पिटल में इलाज के दौरान मरीज की मौत के मामले में 12 दिन बीत जाने के बाद भी अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी है। घटना के समय प्रशासनिक अधिकारियों ने जांच कर सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया था, लेकिन अब तक स्थिति जस की तस बनी हुई है। ग्राम बोरघाटी निवासी मनीराम को तबीयत बिगड़ने पर रेहटी के निजी विजयासन हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई थी। घटना के बाद परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही के आरोप लगाते हुए हंगामा किया था। मौके पर पहुंचे पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने मामले की जांच कर उचित कार्रवाई का भरोसा दिलाया था। लेकिन लगभग 7 दिन बीत जाने के बाद भी अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ किसी प्रकार की स्पष्ट कार्रवाई सामने नहीं आई है, जिससे क्षेत्र में प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं। थाना प्रभारी राजेश कहारे का कहना है कि घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची थी प्रकरण पंजीवद कर लिया था और मामले के जाँच के संबंध में जानकारी वरिष्ठ कार्यालय को भेज दी गई है। कार्यवाही प्रशासन को करना है। नायब तहसीलदार ने बताया कि कार्यवाही के लिए बीएमओ को पत्र लिखा है।

## खाद, बीज और कीटनाशक की पर्याप्त व्यवस्था

**सीहोर।** मुख्यमंत्री ने किसानों के कल्याण और कृषि के समग्र विकास को प्राथमिकता देते हुए वर्ष 2026 को किसान कल्याण वर्ष घोषित किया गया है। इसका उद्देश्य किसानों की आय बढ़ाना, आधुनिक कृषि को बढ़ावा देना तथा कृषि क्षेत्र को अधिक सशक्त बनाना है। राज्य सरकार द्वारा किसानों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने और कृषि उत्पादन बढ़ाने के लिये आदान व्यवस्था को मजबूत बनाने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इसी उद्देश्य से राज्य सरकार ने 64,955 करोड़ रुपये के बजट का प्रावधान किया है, जिससे किसानों को समय पर गुणवत्तापूर्ण कृषि आदान उपलब्ध कराए जा सकें और खेती को अधिक लाभकारी बनाया जा सके। सीहोर जिले में किसानों को आवश्यक बीज और उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन द्वारा व्यापक व्यवस्था की गई है। जिले में गेहूं, चना, मसूर, सरसों सहित विभिन्न फसलों के बीजों की पर्याप्त उपलब्धता कराई गई है।

## अस्मिता पहल के तहत चर्च मैदान पर आयोजित होंगी खेल प्रतियोगिताएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में 9 मार्च को सुबह 10 बजे सीहोर के चर्च ग्राउंड पर माय भारत सीहोर एवं खेल विभाग द्वारा भारत सरकार की 'अस्मिता' पहल के अंतर्गत खेल कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि प्रतिवर्ष 08 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य महिलाओं में खेल संस्कृति को बढ़ावा देना और उन्हें शारीरिक फिटनेस के प्रति जागरूक करना है। कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से एथलेटिक्स (दौड़) प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा, जिनमें प्रतिस्पर्धी दौड़, मनोरंजक गतिविधियाँ, टग ऑफ वार (रस्साकशी) आदि शामिल हैं। कार्यक्रम में तीन आयु वर्ग की बालिकाएं एवं महिलाएं सहभागिता करेंगी, जिसमें अंडर 13 वर्ष, 13 से 18 वर्ष और 18 वर्ष से अधिक की बालिकाएं एवं महिलाएं शामिल होंगी। इच्छुक महिला प्रतिभागी पोर्टल पर अपना पंजीयन कर सकती हैं जिसके लिए उन्हें इस पोर्टल पर अपना आधार प्रमाणित करना होगा। विजेताओं को पदक और सभी प्रतिभागियों को डिजिटल प्रमाणपत्र प्रदान किए जाएंगे। जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव द्वारा आयोजन में अधिक से अधिक बालिकाओं एवं महिलाओं की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

### सनातनी दुपट्टा पहनकर और रामधुन गाते निकले पाटीदार समाज के लोग

# एकतरफा पुलिस कार्रवाई के खिलाफ खोला मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

भोपाल के मिसरोद में साध्वी रंजना से जुड़े विवाद के बाद पाटीदार समाज के युवाओं पर की गई पुलिसिया कार्रवाई के विरोध में शनिवार को सीहोर जिला पाटीदार समाज ने हुंकार भरी। बड़ी संख्या में समाजजन गले में सनातनी दुपट्टा पहनकर सडक़ों पर उतरे और अनोखे अंदाज में रामधुन गाते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे। यहां मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर निष्पक्ष जांच और दर्ज एफआईआर को निरस्त करने की मांग की गई। पाटीदार समाज के मनोज गुजराती ने बताया कि बीती



25 फरवरी को भोपाल के मिसरोद क्षेत्र में साध्वी रंजना के साथ हुए विवाद में पुलिस ने पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाया है। समाज का आरोप है कि पुलिस ने केवल एक पक्ष की बात सुनकर पाटीदार समाज के युवाओं पर गैर जमानती धाराओं में केस दर्ज कर दिया।

### न मेडिकल हुआ सुनी फरियाद

प्रदर्शनकारियों का कहना है कि आपसी विवाद में समाज के युवाओं को भी गंभीर चोटें आई थीं। उन्होंने मिसरोद थाने में इसकी शिकायत भी की, लेकिन पुलिस ने न तो घायलों का मेडिकल कराया और न ही उनकी एफआईआर दर्ज की। उल्टा अब अन्य युवाओं को भी डराया-धमकाया जा रहा है। समाज ने मांग की है कि पूरी घटना की उच्च स्तरीय जांच की जाए। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर दोषियों पर कार्रवाई हो। समाज के युवाओं को बेवजह परेशान करना बंद हो। एकतरफा दर्ज की गई एफआईआर को तत्काल निरस्त किया जाए।


### जिहादी शब्द पर भारी आक्रोश

समाजजनों ने इस बात पर भी गहरा दुख और गुस्सा जताया कि विवाद के दौरान समाज को जिहादी कहा गया और डीएनए परीक्षण जैसी अपमानजनक बातें की गईं। इसके विरोध में समाज ने एक सभा आयोजित कर निंदा प्रस्ताव भी पारित किया। पाटीदार समाज ने स्पष्ट किया कि समाज की प्रतिष्ठा के खिलाफ ऐसी टिप्पणी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। आमतौर पर नारेबाजी के साथ ज्ञापन सौंपे जाते हैं, लेकिन पाटीदार समाज ने सनातनी पहचान को प्राथमिकता देते हुए रामधुन का पाठ किया। मध्य प्रदेश पाटीदार समाज संगठन के महामंत्री नंदकिशोर पाटीदार ने ज्ञापन का वाचन किया।

बिजनेस साइट

## डायवर्सिफाइड ऑल-कैप एफओएफ अप्रोच से पोर्टफोलियो मजबूत बनाना

**रतलाम।** इक्विटी मार्केट अपने आप में प्रभावशाली होते हैं। लंबे समय में, उन्होंने बीच-बीच में होने वाले उतार-चढ़ाव और मैक्रोइकोनॉमिक दिक्कतों के बावजूद पैसा बनाने की क्षमता दिखाई है। हालांकि, मार्केट में लीडरशिप शायद ही कभी एक जैसी रहती है। सालों के आंकड़ों से पता चलता है कि कोई एक सेगमेंट लगातार लीड नहीं करता, बल्कि, इकोनॉमिक और तरलता की स्थिति के आधार पर "चैंपियंस रोटेट" होते रहते हैं। जबकि मिड और स्मॉल कैप रैली के दौरान ज्यादा तेजी दिखा सकते हैं, वे करेक्शन के दौरान ज्यादा गिरावट का भी अनुभव करते हैं।



**वसीम अहमद फारूकी**
म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर, रतलाम

कई निवेशकों के लिए, "सही" मार्केट-कैप वर्ग में प्रवेश का समय तय करने की कोशिश करना उल्टा पड़ सकता है। पुराने रूझानों से पता चलता है कि निवेशक फ्लो अक्सर प्रदर्शन के शिखर का पीछा करते हैं। उदाहरण के लिए, 2017 तक मिड और स्मॉल कैप कैटेगरी में एसेट में अच्छी-खासी ग्रोथ हुई, जिसके बाद अच्छे करेक्शन हुए। ऐसे साइकिल डू-इट-योरसेल्फ एलोकेशन के व्यवहारिक नुकसानों को दिखाते हैं, जिसमें भावनात्मक फैसले लेना, उतार-चढ़ाव के दौरान घबराहट में बेचना, ठीक से रीबैलेंसिंग न होना और बार-बार स्विच करने से टैक्स में कमी शामिल है।

एक डायवर्सिफाइड इक्विटी ऑल-कैप रणनीति बाजार कैपिटलाइजेशन में एक्सपोजर बनाए रखकर इन चुनौतियों को कम करने की कोशिश करती है। अलग-अलग स्टॉक में सीधे निवेश करने के बजाय, एक सक्रिय फंड ऑफ फंड्स (एफओएफ) स्ट्रक्चर लार्ज, मिड और स्मॉल कैप में फैली डायवर्सिफाइड, घरेलू, सक्रिय इक्विटी-ओरिएंटेड स्कीम में कैपिटल एलोकेट करता है। इसका मकसद स्ट्रक्चर्ड डायवर्सिफिकेशन और प्रोफेशनल ओवरसाइट के जरिए लंबी-अवधि में पूंजी में बढ़ोतरी है।

ऐसी रणनीति में निवेश प्रक्रिया में आमतौर पर इक्विटी पर एक नजरिया बनाने के लिए मैक्रो और माइक्रोइकोनॉमिक मूल्यांकन को इंटीग्रेट किया जाता है। एक इन-हाउस फ्रेमवर्क आबंटन के फैसलों को गाइड करने के लिए वर्ग में मार्केट की स्थितियों, वैल्यूएशन और रिलेटिव मौकों का आकलन कर सकता है। जरूरी बात यह है कि अंडरलाइंग पोर्टफोलियो में अलग-अलग निवेश अंदाज, ग्रोथ, वैल्यू, कॉन्ट्रेरियन, बॉटम-अप और काउंटर-साइक्लिकल अप्रोच शामिल हो सकते हैं, जो सिर्फ मार्केट-कैप एक्सपोजर से आगे बढ़कर डायवर्सिफिकेशन को बढ़ाते हैं।

पहले के शिखर से रिटर्न मॉडरेट होने और सेगमेंट में वैल्यूएशन के कम होने के साथ, एक डायवर्सिफाइड, सक्रियता से प्रबंधित ऑल-कैप एफओएफ अप्रोच निवेशकों को लंबी अवधि में इक्विटी ग्रोथ में हिस्सा लेने के लिए एक अनुशासित रास्ता दे सकता है, साथ ही कंसन्ट्रेटेड या इमोशन-ड्रिवन एलोकेशन फैसलों से जुड़े जोखिम को कम कर सकता है।

इस मामले में, आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल डाइवर्सिफाइड इक्विटी ऑल कैप एक्टिव एफओएफ निवेशकों को एक स्ट्रक्चर्ड इन-हाउस फ्रेमवर्क के जरिए सभी मार्केट कैप में सक्रिय रूप से प्रबंधित इक्विटी स्कीम तक पहुंच देता है। फंड मैनेजर मार्केट की स्थितियों और फ्रेमवर्क मूल्यांकन के आधार पर आबंटन को प्रभावशाली तौर पर एडजस्ट करते हैं। न्यू फंड ऑफर (एफओएफ) 02 मार्च से 16 मार्च, 2026 तक निवेश के लिए खुला है।

## खबर संक्षेप

### नूरी मस्जिद पर हुआ सामूहिक रोजा इफ्तार



**चापडा।** एक किताबघर में रखी गीता और कुरान आपस में कभी नहीं लडते और जो उनके लिए लडते है वो उन दोनों को कभी नही पढते, उक्त बातें बागली नगर की नूरी मस्जिद पर रोजा इफ्तार के दौरान नप उपाध्यक्ष प्रतिनिधि विपिन शिवहरे ने कही। बागली नगर की सौहार्द और सद्भावना की परंपरा अनुसार नगर व देश में अमन चैन की पवित्र भावना के साथ विपिन शिवहरे मित्र मंडल और ओम महाशक्ति ग्रुप द्वारा प्रतिवर्ष अनुसार रमजान के पवित्र महिने में 17 वा रोजा इफ्तार कराया गया। इस दौरान ग्रुप के सतीश गेहलोद, राजेश वर्मा, जगदीश राठौर, मोहित व्यास,राजा खान, नावेद अली,शारुख शेख, सोहेल खान,जितेन्द्र भाई, सोनू पटेल गणेश पचौरिया, यश भाटी सहित सभी साथियों ने इस अवसर पर नूरी मस्जिद के पेश इमाम अब्दुल वाहिद नूरी, कुरान हाफिज शब्बीर अहमद,सदर फिरोज खान, वरिष्ठ समाजसेवी सलीम खान,पिरमोहम्मद, शिक्षक वारिस अली,रईस ठेकेदार,जालीम, इकबाल शाह, शकील खान ,कादर खान आदि का पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया तथा उपस्थित सैकड़ों समाज जनों का इफ्तारी के साथ रोजा इफ्तार कराया गया। इफ्तार से पहले सामूहिक रूप से नगर, प्रदेश और देश की प्रगति, सद्भावना और सौहार्द के लिए दुआ की गई।

### कथा के लिए हुई कार्यकर्ताओं की बैठक

**देवास।** चैत्र नवरात्रि पर कैला देवी मंदिर में प्रतिवर्षानुसार नवरात्रि महोत्सव पर होने वाले धार्मिक एवं आध्यात्मिक अनुष्ठान के साथ 20 मार्च से होने वाली श्रीमद भागवत कथा ज्ञान गंगा यज्ञ में भव्य आयोजन को लेकर कैला देवी मंदिर उत्सव समिति के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की बैठक संपन्न हुई। बैठक में मुख्य आयोजक मन्नूलाल गर्ग, दीपक गर्ग आदि उपस्थित थे।

### ऐतिहासिक फाग यात्रा को हजारों लोगों ने निहारा, ढोल-डीजे की धुन पर झूमे युवा-महिलाएं

# उत्साह उमंग के साथ रंग पंचमी पर शहर में निकली भव्य राधा-कृष्ण फाग यात्रा, रंग-गुलाल से सराबोर हुआ शहर

### रसामाजिक समरसता मंच के तत्वावधान में निकाली गई भव्य फाग यात्रा, जगह-जगह मंच लगाकर समाजसेवियों ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास





शहर सहित पूरे जिले में रविवार को रंग पंचमी का पर्व उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। रविवार सुबह से ही लोग घरों से निकलकर सड़कों पर रंगों के इस पर्व का आनंद लेते नजर आए। युवाओं की टोलियों ने जगह-जगह गुलाल और रंग उड़ाकर पर्व को उत्साहपूर्वक मनाया। महिलाओं और बच्चों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया, जिससे पूरा शहर रंग पंचमी के रंग में रंगा नजर आया।रंग पंचमी के अवसर पर सामाजिक समरसता मंच के तत्वावधान में भव्य राधा-कृष्ण फाग यात्रा निकाली गई। यात्रा की शुरुआत जवाहर चौक स्थित श्री महाराणा प्रताप चित्तौड़गढ़ से सुबह 11 बजे सर्व समाज प्रमुखों द्वारा श्री गणेश वंदना और राधा-कृष्ण की आरती के साथ हुई। पंडितों द्वारा तीर्थों के अमृत जल की बौछार के बाद यात्रा का शुभारंभ किया गया। फाग यात्रा में बड़ी संख्या में मातृशक्ति, युवा और बच्चे शामिल हुए और रंगारंग माहौल में यात्रा का आनंद लिया।यात्रा का मुख्य आकर्षण राधा-कृष्ण की झांकी, पंजाबी भांगड़ा, आदिवासी भगोरिया नृत्य टोली, लठमार होली और रंगों से सराबोर गुलाल की तोपें रहीं। ढोल-नगाड़ों और डीजे की धुन पर युवा जमकर थिरकते नजर आए। प्रसिद्ध भजन गायिका संस्कृति पगारे और भजन गायक प्रितम सेंधालकर ने होली और देशभक्ति के गीत प्रस्तुत किए, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय और रंगमय हो गया।करीब 2 किलोमीटर लंबी यह फाग यात्रा नयापुरा, तुकोगंज रोड, जनता बैंक चौराहा, सुभाष चौक, नोवेल्टी चौराहा और एमजी रोड होते हुए संत शिरोमणि रविदास कुटी काशी धाम (सयाजी द्वार) पहुंची, जहां मातृशक्ति द्वारा समरसता की आरती के साथ यात्रा का समापन हुआ। इस ऐतिहासिक फाग यात्रा को 12 हजार से अधिक लोगों ने मार्ग में खड़े होकर निहारा और जगह-जगह मंच लगाकर स्वागत किया।यात्रा के दौरान शालिनी रोड पर रामाश्रय परिवार, सुभाष चौक में विशाल जायसवाल एवं समाज द्वारा छाछ का वितरण, नोवेल्टी चौराहे पर चावड़ा परिवार द्वारा पोहे का भंडारा, सेन समाज द्वारा स्वागत तथा पिपली बाजार चौराहे पर संजय जैन लख्खा मित्र मंडल, मिठाई व्यापारी नमकीन संगठन एवं नीरज सोनी मित्र मंडल द्वारा स्वागत किया गया। अंत में सामाजिक समरसता मंच द्वारा गरमा-गरम आलूबड़े का वितरण किया गया।यात्रा में सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी, विधायक गायत्री राजे पवार, संत कृष्ण गोपाल दास महाराज, पूर्व शहर कांग्रेस अध्यक्ष मनोज राजानी, भाजपा जिला अध्यक्ष रायसिंह सेंधव, पूर्व महापौर जयसिंह ठाकुर, महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल, सभापति रवि जैन, पूर्व प्राधिकरण अध्यक्ष राजेश यादव सहित कई जनप्रतिनिधि व सामाजिक-धार्मिक संगठनों के पदाधिकारी मौजूद रहे। संचालन अमित राव पवार ने किया तथा आभार संजय शुक्ला ने माना।









# शंकरगढ़ पहाड़ी पर 83वें बैच का व्यावहारिक प्रशिक्षण हुआ संपन्न, वनरक्षकों ने सीखी हरियाली रखने की तकनीकि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास




पर्यावरण संरक्षण और वानिकी के गुर सिखाने के उद्देश्य से वन विद्यालय झाबुआ के 83 वें प्रशिक्षु वनरक्षक बैच ने देवास के प्रसिद्ध शंकरगढ़ पहाड़ी क्षेत्र का भ्रमण किया। वन मंडलाधिकारी अमित चौहान के निर्देशन में आयोजित इस चरणबद्ध प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल 48 प्रशिक्षुओं ने भाग लिया।विभव उपाध्याय (वन क्षेत्रपाल) के नेतृत्व में आए इस दल में मध्य प्रदेश के विभिन्न जिलों जैसे खंडवा, बुरहानपुर, झाबुआ, अलीराजपुर, धार और इंदौर के वनरक्षक शामिल थे। कार्यक्रम का सफल संचालन उपवन क्षेत्रपाल राकेश मोदी द्वारा किया गया।पहाड़ी को हरा-भरा बनाने के सामुदायिक प्रयासों पर चर्चाप्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों और विशेषज्ञों ने प्रशिक्षुओं को शंकरगढ़ पहाड़ी के कायाकल्प की कहानी सुनाई। प्रशिक्षण में जानकारी दी गई किकैसे जन-भागीदारी से एक पहाड़ी को वन का रूप दिया गया है,विशेषज्ञ मार्गदर्शन-राजेश चौहान (वन परिक्षेत्राधिकारी), श्याम शर्मा (परिक्षेत्र सहायक), और कृष्णा यादव (वनरक्षक) ने वानिकी कार्यों की विस्तृत जानकारी दी।ग्रीन आर्मी का योगदान- ग्रीन आर्मी के भरत पाटीदार ने वन संरक्षण और जागरूकता के जमीनी अनुभवों को साझा किया।प्रशिक्षुओं ने पहाड़ी पर स्थित विभिन्न वाटिकाओं का भ्रमण कर वहां की कार्यप्रणाली को समझा। नगर वन क्षेत्र में रोपित की गई 42 प्रजातियों, पौधारोपण तकनीक, और भू-जल संरक्षण के लिए बनाई गई संरचनाओं का अध्ययन किया। प्रशिक्षुओं ने सीड बॉल निर्माण और बीज रोपण की विधियों का व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त किया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य नए वनरक्षकों को किताबी ज्ञान से हटकर धरातल पर हो रहे सफल प्रयोगों से परिचित कराना था, ताकि वे अपने क्षेत्रों में जाकर वनों के प्रति जागरूकता और संरक्षण के कार्यों को प्रभावी ढंग से लागू कर सकें।

# फाग उत्सव मनाने देवास पहुंचे मंत्री विजयवर्गीय माता के दरबार में जमकर गाए भजन, झूमे लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास



नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने शनिवार शाम देवास की माता टेकरी पहुंचे। रंगपंचमी से ठीक एक दिन पहले शनिवार को आयोजित भव्य फाग उत्सव में शामिल हुए मंत्री विजयवर्गीय पूरी तरह भक्ति के रंग में रंगे नजर आए। उन्होंने बड़ी माता तुलजा भवानी और छोटी माता चामुंडा माई के दरबार में विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर आरती उतारी।छोटी माता चामुंडा मंदिर पर नाथ और पुजारी परिवार द्वारा पारंपरिक रूप से आयोजित होली महोत्सव में मंत्री विजयवर्गीय ने खुद माइक थाम लिया। उन्होंने पूरे भक्तिभाव से ₹सारा जग है इक बंजारा, सबकी मंजिल तेरा द्वार₹ और ₹तूने मुझे बुलाया शेरावालिए₹ जैसे सुमधुर भजन गाए। उनकी प्रस्तुति ने पूरे माहौल को भक्तिमय कर दिया और वहां मौजूद तमाम श्रद्धालु भी भक्ति में लीन होकर झूम उठे। माता के दर्शन और आरती के बाद मीडिया से चर्चा करते हुए कैलाश विजयवर्गीय ने दुनिया के मौजूदा हालातों पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि वर्तमान में पूरे विश्व में अशांति और युद्ध का माहौल है। ऐसे मुश्किल वक्त में यदि कोई देश दुनिया को शांति का सही संदेश दे सकता है, तो वह केवल हमारा भारत है। मंत्री ने स्पष्ट किया कि वे माता टेकरी पर विशेष रूप से विश्व शांति की ही प्रार्थना करने आए हैं।माता टेकरी पर आयोजित इस फाग उत्सव और मंत्री के दर्शन कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा और व्यवस्था के कड़े इंतजाम रहे। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष रायसिंह सेंधव, नगर निगम कमिश्नर दलीप सिंह सहित भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता और जिला प्रशासन के अधिकारी मौजूद रहे।

### पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने कर्मचारियों की उपस्थिति में मनाया लाइनमैन दिवस

# कर्मचारियों ने लिया सुरक्षा मानकों को दोहराने का संकल्प





हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास

मध्य प्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड देवास वृत्त द्वारा उज्जैन रोड स्थित एक निजी गार्डन में लाइनमैन दिवस का आयोजन किया। कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लाइन कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर लगभग 250 अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया, जिसमें बड़ी संख्या में लाइन एवं तकनीकी कर्मचारी उपस्थित रहे।कार्यक्रम की अध्यक्षता अधीक्षण यंत्री केतन रायपुरिया ने की। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में उन्होंने विद्युत कार्यों के दौरान सुरक्षा नियमों के पालन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बिजली से जुड़ा कार्य अत्यंत जोखिम भरा होता है। ऐसे में कर्मचारियों को समय-समय पर उपलब्ध कराए जाने वाले सुरक्षा उपकरणों का अनिवार्य रूप से उपयोग करना चाहिए, ताकि विद्युत दुर्घटनाओं को रोका जा सके और सभी कर्मचारी सुरक्षित रह सकें।कार्यक्रम में वृत्त के विभिन्न संभागों के कार्यपालन यंत्री भी मौजूद रहे। इस अवसर पर वृत्त की विभिन्न इकाइयों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले चयनित लाइन कर्मचारियों को प्रशस्ति-पत्र, सेफ्टी टूल बैग और स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही कर्मचारियों को सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए वीडियो प्रस्तुति के माध्यम से महत्वपूर्ण जानकारी भी दी गई।आयोजन के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए, जिनमें गायन, चित्रकला, रंगोली, नुक्कड़ नाटक और नृत्य की प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम को आकर्षक बना दिया। इसके साथ ही स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें अधिकारियों और कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान भी किया।कार्यक्रम का सफल आयोजन कार्यपालन यंत्री विश्वजीत झा (शहर संभाग) के निर्देशन में किया गया। अंत में सभी कर्मचारियों को सुरक्षा शपथ दिलाई गई, ताकि वे अपने कार्य के दौरान सुरक्षा नियमों का पूर्ण रूप से पालन करने का संकल्प लें। कार्यक्रम का संचालन विद्याचरण तिवारी (कनिष्ठ यंत्री) व वंदना (सहायक प्रबंधक) द्वारा किया गया।

## भारतीय किसान यूनियन सूर्यवंशी संगठन का होली मिलन समारोह संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास

भारतीय किसान यूनियन सूर्यवंशी संगठन का होली मिलन समारोह बहुत ही हर्षोल्लास से मनाया गया। आयोजन की मुख्य अतिथि देवास विधायक गायत्री राजे पवार ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस मौके पर पवार ने महिलाओं के सशक्तिकरण की इस प्रकार की पहल के लिए संगठन को शुभकामनाएं प्रेषित की और आश्वस्त किया कि संगठन की प्रत्येक देश हितार्थ गतिविधियों में उनका पूरा सहयोग रहेगा। संगठन किसान ओर मजदूर वर्ग के लिए बहुत ही सराहनीय कार्य कर रहा है जिसकी देश को आवश्यकता है। इस अवसर पर मनोरमा, वीणा के साथ कई महिलाए एवं बच्चे भी उपस्थित थे। दो भजन मंडलियों भजनों के साथ, नृत्य, फूलों से वर्षा कर इस उत्सव को मनाया। करीब 150 से अधिक कार्यकर्ता, महिला सदस्य एवं पदस्थ अधिकारी उज्जवला व्यास, हिरामणी, विद्या, भागवती, बेबी, रेखा, संगीता, माधुरी, हर्षा, चेतन, आनन्द, अनुप एवं किसान भाई उपस्थित थे। भाकियू राष्ट्रीय अध्यक्ष सपना भरोसिया के द्वारा सभी कार्यकर्ता को स्टील ट्रे का उपहार दिया गया।

**खबर संक्षेप**



## गुरुद्वारा साहिब में होला महल्ला पर्व मनाया

**ललितपुर।** श्री गुरु सिंह सभा गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के तत्वावधान में रविवार को लक्ष्मीपुरा स्थित गुरुद्वारा साहिब में होला महल्ला (होली) का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस पावन अवसर पर समूची संगत ने पुष्प वर्षा कर एक-दूसरे को बधाई दी। कार्यक्रम का शुभारंभ सुखमणि साहिब जी के पाठ से हुआ। इसके उपरांत रागी जत्थों द्वारा गुरबाणी कीर्तन का गायन किया गया। अरदास के पश्चात संगत के सहयोग से गुरु का अटूट लंगर छकाया गया और कड़ाह प्रसाद का वितरण किया गया। सभा को संबोधित करते हुए श्री गुरु सिंह सभा अध्यक्ष ओंकार सिंह सलूजा ने कहा कि लाल रंग तिसको लगा तिस केवड भागा मेला कदे ना होवई ना लागे दागा। उन्होंने होला महल्ला के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इसकी परंपरा गुरु गोबिंद सिंह महाराज ने आनंदपुर साहिब से शुरू की थी। उन्होंने कहा कि गुरु साहिब ने सिखों को कच्चे रंगों के बजाय नाम सिमरन और गुरुवाणी के पक्के रंग में रंगने का संदेश दिया है। होला महल्ला का मुख्य उद्देश्य अपनी शक्ति और भक्ति को गुरु के चरणों में समर्पित करना है। इस दौरान मुख्य रूप से वरिष्ठ उपाध्यक्ष हरविंदर सिंह सलूजा, कोषाध्यक्ष परमजीत सिंह छतवाल, महामंत्री सुरजीत सिंह सलूजा और मैनेजर केदार सिंह पिंटू मौजूद रहे। साथ ही अवतार सिंह, डा.जे.एस. बख्शी, दलजीत सिंह, जगजीत सिंह बॉबी, सतनाम सिंह भाटिया, हरजीत सिंह, गुरचरण सिंह सलूजा, आनंद सिंह, गौरव सिंह, अगमजोत सिंह, अरविंदर सिंह सागरी, प्रदीप खत्री, निर्मल सिंधी, पलविंदर सिंह, सुरेंद्र सिंह अरोड़ा, संदीप सिंह और अनमोल सिंह सलूजा आदि उपस्थित रहे।

## बीमारी के कारण काम न करने पर बहू की पिटाई

**ललितपुर।** थाना तालबेहट क्षेत्र के ग्राम मुकटौरा (मजरा सहसुती) में एक विवाहिता के साथ ससुराल पक्ष द्वारा मारपीट का मामला सामने आया है। आरोप है कि बीमारी के कारण घर के निर्माण कार्य में हाथ न बंटा पाने पर पति, ससुर और ननद ने मिलकर महिला की लाठी-डंडों से पिटाई कर दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस को दी गई तहरीर में श्रीमती बृज (23 वर्ष), पत्नी कल्लू ने बताया कि घटना शुक्रवार, 6 मार्च 2026 की दोपहर करीब 2 बजे की है। उस समय पीड़िता अपने घर पर थी, जहाँ निर्माण कार्य चल रहा था। तबीयत खराब होने के कारण वह काम नहीं करा पा रही थी और आराम करने के लिए लेट गई थी। इसी बात से नाराज होकर उसके पति कल्लू, ससुर जगदीश और ननद मोहनी गाली-गलौज करने लगे। पीड़िता के अनुसार, जब उसने गालियां देने का विरोध किया, तो तीनों ने मिलकर उसे लाठी-डंडों से बुरी तरह पीटा, जिससे उसके शरीर में काफी चोटें आई हैं।

### सशक्त मंच से शक्ति का सम्मान थीम पर अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया

# महिलाओं और बालिकाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजनांतर्गत अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर सशक्त मंच से शक्ति का सम्मान थीम पर सशक्त नारी सम्मान समारोह का आयोजन विकास भवन सभागार में किया गया, जहां जनप्रतिनिधिगणों व अधिकारियों के द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं और बालिकाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया, साथ ही सरकार द्वारा महिलाओं व बालिकाओं के उत्थान के लिए चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं के प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए। कार्यक्रम जिलाधिकारी सत्य प्रकाश की अध्यक्षता में आयोजित हुआ, जिसमें सदर विधायक रामरतन कुशवाहा, सदस्या उप्र महिला आयोग अर्चना पटेल, नगर पालिका अध्यक्षा सोनाली जैन, रुचिका बुंदेला सहित विभिन्न जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राजधानी से सभी को नारी सशक्तीकरण का संदेश दिया, उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं, मेधावी बालिकाओं और नन्ही बच्चियों को प्रशस्ति पत्र व योजनाओं के प्रमाण पत्र वितरित किए, साथ ही आत्ममंथन और सारथी सहित अन्य पुस्तकों का विमोचन भी किया। मुख्यमंत्री ने विभिन्न जिलों की लाभार्थी महिलाओं से वर्चुअल संवाद किया और उन्हें



स्वरोजगार स्थापित करने की बधाई दी। इस कार्यक्रम का सजीव प्रसारण विकास भवन सभागार में दिखाया गया।

जिले में आयोजित कार्यक्रम में सदर विधायक, सदस्या उप्र महिला आयोग, नगर पालिका अध्यक्षा सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने अपने अपने संबोधन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बताया, उन्होंने कहा कि आज हर नारी अपने आप को सुरक्षित महसूस करती है और देश के विकास में अपनी भागीदारी निभाती है। उन्होंने मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, निराश्रित महिला पेंशन, मिशन शक्ति, उप्र रानी लक्ष्मीबाई महिला कोष योजना, महिला एवं बाल विकास कार्यक्रम, आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण, महिला संबंधी अपराधों में त्वरित व प्रभावी कार्यवाही, आयुष्मान जन आरोग्य योजना, आंगनवाड़ी कार्यकत्री व सहायिकाओं की निष्पक्ष व पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया आदि कई सकारात्मक कार्यों और उनसे महिलाओं के जीवन में हो रहे बदलावों के बारे में बताया गया। इसके उपरांत जिलाधिकारी सहित सभी जनप्रतिनिगणों ने विभिन्न विभागों व क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं व सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को प्रशस्ति पत्र और प्रमाण पत्र देखकर सम्मानित किया। पुलिस अधीक्षक मो. मुस्ताक, मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ चौहान, जिला प्रोबेशन अधिकारी नंदलाल सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी नीरज सिंह सहित विभिन्न विभागों व क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाएं व लाभार्थी उपस्थित रहे।

### महिला स्टाफ का योगदान पर सम्मान किया

# स्वस्थ समाज की नींव महिलाओं के स्वास्थ्य व भागीदारी पर टिकी: अहमद



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस' के गौरवशाली अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ इम्तियाज अहमद ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य चिकित्सा क्षेत्र मंभ सेवारत महिला अधिकारियों चिकित्सकों नर्सों और अग्रिम पंक्ति की स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के बहुमूल्य योगदान को सम्मानित करना और समाज में महिला सशक्तीकरण के संदेश को सुदृढ़ करना है। समारोह की अध्यक्षता करते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ इम्तियाज अहमद ने उपस्थित सभी महिला कर्मचारियों को शुभकामनाएं दीं। अपने सम्बोधन में उन्होंने कहा, एक स्वस्थ समाज की नींव महिलाओं के स्वास्थ्य और उनकी भागीदारी पर टिकी होती है। स्वास्थ्य विभाग की रीढ़ हमारी महिला कर्मचारी हैं, जो न केवल पेशेवर प्रतिबद्धता के साथ कार्य करती हैं, बल्कि मानवीय संवेदनाओं के साथ मरीजों की सेवा में दिन-रात जुटी रहती हैं। नोडल अधिकारी आरसीएच डॉ अमित तिवारी ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग में निर्णय लेने वाली प्रक्रियाओं में महिलाओं की भागीदारी बढ़ी है, जो एक सकारात्मक बदलाव है।

कार्यक्रम के दौरान एक विशेष परिचर्चा सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र में स्वास्थ्य विभाग की महिला अधिकारियो ने अपने अनुभव साझा किए। वक्ताओं ने रेखांकित किया कि किस प्रकार ग्रामीण क्षेत्रों में 'आशा' कार्यकर्ता मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को कम करने में एक क्रांतिकारी भूमिका निभा रही हैं। पब्लिक हेल्थ स्पेशलिस्ट डॉ सौरभ सक्सेना ने बताया कि स्वास्थ्य क्षेत्र में काम करने वाली महिलाओं की सुरक्षा, उनका मानसिक स्वास्थ्य और कार्यस्थल पर गरिमापूर्ण वातावरण सुनिश्चित करना विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिला स्वास्थ्य कर्मियों को सम्मानित किया गया। उन महिला कर्मचारियों को विशेष पुरस्कार दिए गए जिन्होंने दुर्गम क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं पहुँचाने के लिए विशेष योगदान दिया। कार्यालय की उन महिला कर्मियों को भी सराहा गया जिन्होंने प्रशासनिक कार्यों को सुचारू रूप से चलाने में अपनी दक्षता सिद्ध की है। इसके अतिरिक्त एक संक्षिप्त स्वास्थ्य जागरूकता सत्र भी आयोजित किया गया जिसमें महिला कर्मचारियों को स्वयं के स्वास्थ्य विशेषकर स्तन कैंसर सर्वाइकल कैंसर और मानसिक तनाव प्रबंधन के प्रति जागरूक रहने की सलाह दी गई। पब्लिक हेल्थ स्पेशलिस्ट डॉ सौरभ सक्सेना ने सुझाव दिया कि दूसरों की देखभाल करने वाली महिलाओं को अपनी देखभाल के लिए भी समय निकालना अनिवार्य है। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी पुरुष सहकर्मियों ने महिला साथियों के सम्मान में खड़े होकर तालियां बजाईं और भविष्य में एक समावेशी कार्य वातावरण बनाने का संकल्प लिया।

डीपीएम रजिया फिरोज ने सभी का धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कहा कि यह उत्सव केवल एक दिन का नहीं, बल्कि महिलाओं की क्षमता पर निरंतर विश्वास करने का प्रतीक है। इस आयोजन ने कार्यालय के भीतर न केवल एक उत्सव का माहौल बनाया बल्कि कर्मचारियों के बीच एकता और कार्य के प्रति उत्साह को भी नया आयाम दिया।इस दौरान नोडल आर सी एच डॉ अमित तिवारी, पब्लिक हेल्थ स्पेशलिस्ट डॉ सौरभ सक्सेना बाल एवं शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ चंदा किचौलिया चिकित्सा अधिकारी डॉ राजेश भारती डीपीएम रजिया फिरोज डीएमसी यूनिसेफ सबा परवीन एवं स्वास्थ्य विभाग के विभिन्न अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## रेलवे में नौकरी दिलाने के नाम पर 3 लाख की ठगी, 6 पर केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

रेलवे विभाग में नौकरी दिलाने के नाम पर लाखों रुपये की धोखाधड़ी का मामला प्रकाश में आया है। जालसाजों ने एक युवक को फर्जी आईडी कार्ड और नियुक्ति पत्र थमाकर 3 लाख रुपये हड़प लिए। कोर्ट के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने दो महिलाओं समेत छह आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आजादपुरा निवासी मुन्नालाल परिहार (70) ने बताया कि उनका परिचय ग्राम निबाई निवासी संतोष रानी से था, जहां वह काली माता की चौकी पर जाते थे। वहीं उनकी मुलाकात भूरेलाल और उसके पुत्र प्रमोद से हुई। आरोपियों ने मुन्नालाल को झांसा दिया कि उनके रिश्तेदार गब्बर सिंह राय की रेलवे विभाग में बड़ी पकड़ है और वह उनके नाती आर्यन की नौकरी लगवा सकते हैं। पीड़ित के अनुसार, आरोपियों ने नौकरी के बदले 4.50 लाख रुपये की मांग की थी। मुन्नालाल ने आरोपियों के बताए अनुसार 1.45 लाख रुपये फोन-पे के माध्यम से वैभव कुमार के खाते में भेजे और 1.55 लाख रुपये नकद दिए। कुल 3 लाख रुपये लेने के बाद आरोपियों ने आर्यन के नाम का एक रेलवे आईडी कार्ड और कुछ दस्तावेज सौंप दिए। जब मुन्नालाल अपने नाती के साथ जॉइनिंग के लिए झांसी स्थित इलेक्ट्रिक ट्रिप शेड पहुंचे, तो वहां पता चला कि उन्हें दिए गए सभी दस्तावेज पूरी तरह फर्जी हैं। उन्होंने पैसे वापस मांगे, तो आरोपियों ने टालमटोल शुरू कर दी। आरोप है कि पैसे मांगने पर गब्बर सिंह ने फोन पर गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मुन्नालाल की तहरीर पर संतोष रानी (निबाई), भूरेलाल, प्रमोद (गौना), गब्बर सिंह, वैभव कुमार (टीकमगढ़) और अनिकेत गिरी (ललितपुर) के खिलाफ केस दर्ज किया है।

### बुंदेलखंड महिला विकास सेवा समिति के तत्वावधान में नारी शक्ति का सम्मान किया

# महिलाएं चुनौती स्वीकार कर देश का नाम रोशन कर रही: दीपिका



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

बुंदेलखंड महिला विकास सेवा समिति के तत्वावधान में नगर के स्थानीय ललित पैलेस होटल में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन संपन्न हुआ जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में कानपुर की समाजसेविका दीपिका सिंह रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति अध्यक्ष गुलाबबाई सेन ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में दीपमाला श्रीवास्तव, गुलाबबाई सेन, रश्मि शर्मा, किरन वर्मा, स्नेहा सोनी, प्रीतिवाला मण्डल, गेंदा सेन, नीता जैन, रीना गंगेले उपस्थित रही। सर्वप्रथम समिति द्वारा सभी अतिथियों को पकड़ी, शॉल, भेंट माला व फूल भेंट कर स्वागत किया। तत्पश्चात स्वागत गीत प्रस्तुत कर अतिथियों का आभार किया गया है। इस दौरान मुख्य अतिथि समाजसेविका कानपुर दीपिका सिंह ने कहा कि महिलाएं हर चुनौती को स्वीकार कर देश का नाम रोशन कर रही हैं। उन्होंने अपनी कार्यप्रणाली के दम पर मुकाम हासिल किया है वे किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं। महिलाएँ यदि सोच ले कि अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए कार्य करना है तो सफलता अवश्य प्राप्त हो सकती है। विशिष्ट अतिथि दीपमाला श्रीवास्तव ने कहा कि महिलाएँ अपनी मेहनत से प्रगति के मुकाम हासिल कर रही हैं। जब महिलाएँ किसी भी क्षेत्र में अपनी पहचान बनाने के लिए पूरी लगन से मेहनत करती हैं तो सफलता निश्चित ही मिलती है और मंजिल भी मिलती है। विशिष्ट अतिथि रश्मि शर्मा ने कहा कि शिक्षा से ही परिवार विकास की ओर अग्रसर होता है। हम सभी महिलाओं को अपने परिवार को शिक्षित कर कर उनको ऊँचे मुकाम की ओर अग्रसर करना हमारा दायित्व है। विशिष्ट अतिथि किरन वर्मा ने कहा कि हमें अपने परिवारों में अच्छे संस्कार देकर उनकी अच्छी आधार शिक्षा के रूप में मार्ग दर्शन करना चाहिए जिससे भविष्य में उनका जीवन बेहतर प्रगति की ओर जाकर एक नया मुकाम हासिल करें। विशिष्ट अतिथि स्नेहा सोनी, नीता जैन व रीना गंगेले ने कहा कि महिलाएँ आज हर क्षेत्र में पुरुषों के साथ कन्धा से कन्धा मिलाकर चल रही हैं। जबकि आज महिलाओं हर क्षेत्र में उच्च मुकाम पाकर अपने शक्ति के नाम का परचम लहरा रही हैं। जिनने मुकाम हासिल किया है उन्होंने पीछे मुड़ कर नहीं देखा आज अपनी मंजिल पर खड़ी हैं। विशिष्ट अतिथि प्रीतिवाला मण्डल व गेंदा सेन ने कहा महिलाओं की भक्ति किसी स्वयं प्रशंसा सम्मान की आकांक्षी नहीं है। वह तो बस कर्तव्य की उस अविरल धारा की तरह है।

### नारी शक्ति सम्मान से सम्मानित किया

इस अवसर पर महिलाओं को नारी शक्ति सम्मान से सम्मानित किया गया। जिसमें सरोज दिवाकर, रेनू मासिक (शिक्षिका), मीरा साहू, चंद्रप्रभा बौद्ध, उमा यादव सीडीपीओ, प्रियंका वर्मा (शिक्षिका), शगीता लोधी, रोशनी, शरेणुका कौशिक, राधा वर्मा, विमलेश यादव, सोनम रावत, नीलम माथुर, श्रीमती रेखा चौबे, दीपिका वैश्य, राजेश्वरी जायसवाल, आभा सेन, गुड्डी सेन, गुड्डी कश्यप, हसीन सेन, श्रीमती संगीता वर्मा आदि का सम्मान किया गया है। इस दौरान आशा साहू, पुष्पादेवी सेन, रचना देवी, राजकुमारी, रामप्यारी, गोईबाई, रजनी, सूमन, नेहा, मुस्कान, नीतू, दिया, रोशनी, मनीषा, रेखा विश्वकर्मा, प्रभा साहू, बबीता पंथ, रामवती, रिंकी, पूजा, गुड्डी, द्रोपती, संगीता कुशवाहा, कृष्णा कुशवाहा, सावित्री, पूनम, मनीषा, रोशनी, गजरा, कुसुम, वर्षा, अनीता, लक्ष्मी, पूजा, सुषमा, मीरा देवी, रूचि झ्रां, पलक कुशवाहा, सुशीला, रानी, रानी, गेंदा, संगीता, नीतू, विज्ञान कुशवाहा, डोली सेन, गुलाबबाई सेन, रामदेवी, दीपमाला श्रीवास्तव, भावना, उमा राजा, रूपा साहू, राशि झ्रां, अंजली भारती, सरोज, स्नेहा सोनी, मोहिनी जैन, अंजू विश्वकर्मा, नेहा अहिरवार, कोमल, अंजू, सूरज देवी, किरन चौधरी, रजनी, सविता कुशवाहा, राधा पाल, पूजा पाल, ममता कुशवाहा, कस्तूरी कुशवाहा, मीना, काजल कुशवाहा, जमना कुशवाहा, विनोद राजा, रूचि राजा, प्रियंका राजा, राजाबेटी कुशवाहा, राधा कुशवाहा, जशोदा कुशवाहा, कौशल्या कुशवाहा, पूजा कुशवाहा, तारादेवी कुशवाहा, ममता कुशवाहा, सूरज कुशवाहा, सुखवती कुशवाहा, शारदा, सविता साहू, मनोरमा, कृतिका शर्मा, राजमती जैन, लक्ष्मी नामदेव, ताराबाई, सुमन पाटकार, गीता देवी, अनीता नामदेव, रश्मि राजा, द्रोपती के अलावा अनेकों महिलाएं मौजूद रहीं। संचालन सविता मण्डल व आभार सचिव गीता सेन ने जताया।

### 5 दिवसीय मेले का विधि विधानपूर्वक पूजाअर्चन कर शुभारंभ किया

# श्रद्धालुओं की श्रद्धा का प्रतीक है राखपंचमपुर मेला: जिलाधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

विकास खण्ड जखौरा अंतर्गत ग्राम राखपंचमपुर में स्थित सिद्धक्षेत्र राखपंचमपुर में श्री श्री 1008 सिद्धबाबा मंदिर पर 07 से 11 मार्च तक आयोजित होने वाले 05 दिवसीय वार्षिक मेले के का शनिवार को जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने विधिविधानपूर्वक पूजाअर्चन कर शुभारंभ किया। इस मेले में हजारों की संख्या में स्थानीय व मध्य प्रदेश के श्रद्धालू दर्शन करने आते हैं, ऐसी मान्यता है कि यहां पर सिद्ध बाबा के दर्शन और उनकी पवित्र भभूति लगाने से चमत्कारिक रुप से चर्मरोग ठीक हो जाते हैं। यहां श्रद्धालू मंदिर पर सीधे में आटा, दाल, चावल आदि अनाज चढ़ाते हैं और मन्नत मानते हैं। जिलाधिकारी ने मेला परिसर में व्यवस्थाओं को देखकर कहा कि यह मेला न सिर्फ श्रद्धालुओं की अटूट श्रद्धा का प्रतीक है, बल्कि आसपास के ग्रामीणों को रोजगार भी उपलब्ध कराता है, मेले में स्थानीय लोगों के द्वारा निर्मित मिट्टी के बर्तनों की बड़े पैमाने पर बिक्री होती है, जिससे उन्हें रोजगार के साथ-साथ उनके उत्पादों को दूर-दूर तक ख्याति भी मिलती है। मेले की भव्यता



के दृष्टिगत जिलाधिकारी ने पूर्व में ही सम्बंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर श्रद्धालुओं की सुगमता के लिए सडक, बिजली, पानी, सफाई, शौचालाय से लेकर सभी व्यवस्थाएं पूर्ण करा ली हैं। इसके साथ ही प्रशासनिक व्यवस्थाओं के साथ-साथ स्थानीय दुकानदारों का भी ध्यान रखा गया है, उनके लिए मेला समिति द्वारा अपने उत्पादों की बिक्री के लिए उचित स्थान दिया गया है। जिलाधिकारी ने कहा कि यह मेला जनपद का ऐतिहासिक मेला है, प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी पारम्परिक रुप से मेले का आयोजन होगा, इसके लिए सभी प्रशासनिक तैयारियां पूर्ण हैं, सभी अधिकारी उनको सौंपे गए दायित्वों को गंभीरता के साथ पूर्ण करें और मेले की सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त रखें, जिससे मेले के दौरान श्रद्धालुओं को किसी भी परेशानी का सामना न करना पड़े। मेले में विभिन्न दुकानदारों के द्वारा स्थानीय उत्पादों, मिट्टी के बर्तनों, खिलौनों सहित खाद्य पदार्थों की दुकानें एवं स्टॉल लगाए गए हैं, साथ ही विभिन्न स्थानों से श्रद्धालुओं का आवागमन भी प्रारम्भ हो गया है। मेला परिसर में यातायात को व्यवस्थित रखने के लिए पार्किंग की व्यवस्था की गई है, साथ ही बड़े झूलों को भी अलग मैदान में लगाया गया है, जिससे भीड़ को आसानी से नियंत्रित किया जा सकेगा। इसके अलावा सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस चौकी भी बनायी गई है, जहां से 24 घण्टे पब्लिक एड्रेस सिस्टम से अनांउसमेंट होती रहेगी। मेला परिसर में रात्रि के समय प्रकाश व्यवस्था हेतु स्ट्रीट लाइटें लगायी गई हैं तथा अस्थायी शौचालयों की व्यवस्था भी की गई है। इस दौरान एडीएम अंकुर श्रीवास्तव, एसडीएम सदर मनीष कुमार, तहसील सदर घनेंद्र तिवारी, ग्राम प्रधान व श्रद्धालु.उपस्थित रहे।

### कलश यात्रा के साथ श्रीमद भागवत कथा सप्ताह प्रारंभ

# श्रीतुवन मंदिर में बहेगी भक्ति व साहित्य की त्रिवेणी, कवि सम्मेलन 11 को होगा





हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

स्थानीय श्रीतुवन मंदिर प्रांणगण में आध्यात्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रहने वाली है। मंदिर परिसर में सप्ताह ज्ञान यज्ञ के साथ-साथ सप्तदिवसीय पार्थिव शिवलिंग निर्माण का भव्य आयोजन किया जा रहा है, जो 8 मार्च 2026 से शुरू होकर 14 मार्च 2026 तक चलेगा। इस आयोजन के विशेष आकर्षण के रूप में 11 मार्च को सायं 6 बजे से एक विशाल कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इस संगीतमय श्रीमद्भागवत महापुराण महोत्सव के अंतर्गत होने वाले इस सम्मेलन में देश के ख्यातिलब्ध रचनाकार अपनी प्रस्तुति देंगे। सम्मेलन में काव्य पाठ के लिए मुख्य रूप से सुप्रसिद्ध गीतकार (इन्दौर) अमन अक्षर, हास्य कवि (मंदसौर) मुन्ना बैटरी, गीतकार (शिवपुरी)मनु वैशाली, गीता शुक्ला (बाराबंकी) शायर अभिसार, ओज कवि (गाजियाबाद) मोहित शौर्य संयोजन एवं संचालन करेंगे। जबकि कार्यक्रम का कुशल संचालन एड.मध्यम सक्सेना बरेली द्वारा किया जाएगा, जबकि पूरे भव्य आयोजन के संयोजक शैलेन्द्र कुमार (ललितपुर) हैं।

### निर्माण कार्यों में किसी तरह की कोताही न बरतने के दिए निर्देश

# राजगढ़ स्टेडियम खेल विभाग को हस्तांतरित करने सांसद ने दिया सुझाव

## *जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा व निर्णय*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की समीक्षा बैठक शनिवार को कलेक्टोरेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक में जिले में संचालित विभिन्न शासकीय योजनाओं एवं विकास कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा करते हुए उनके प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए गए। इस बैठक में क्षेत्रीय सांसद रोड़मल नागर ने मुख्यालय स्थित स्टेडियम के समुचित विकास पर भी जोर देते हुए सुझाव दिया कि स्टेडियम को खेल विभाग को हस्तांतरित किया जाए, ताकि वहां खेल गतिविधियों का विस्तार हो सके। इसके साथ ही खिलाड़ियों के लिए बेहतर खेल सुविधाएं विकसित की जा सकें।

उल्लेखनीय है कि वर्तमान में राजगढ़ स्टेडियम नगर पालिका के स्वामित्व में आता है। यद्यपि स्टेडियम परिसर, उसकी समस्त दुकानों के किराए, खेल ग्राउण्ड के विकास के लिए अलग से एक समिति है जिसके अध्यक्ष राजगढ़ जिलाधीश हैं। पर अगर सांसद के सुझाव पर अमल कर लिया जाएगा तो स्टेडियम के मैदान का समुचित विकास



हो पाएगा क्योंकि खेल विभाग के पास इस हेतु अलग से बजट का प्रावधान शासन द्वारा सुनिश्चित किया जाता है।

### मेडिकल कॉलेज सहित अन्य निर्माण कार्यों की समीक्षा

बैठक में मुख्यालय पर निर्माणाधीन मेडीकल कॉलेज के निर्माण कार्यों की वर्तमान स्थिति पर भी विस्तार से चर्चा करते हुए संबंधित अधिकारियों को कार्यों में गति लाते हुए समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। लोक निर्माण विभाग द्वारा संचालित निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए उनकी गुणवत्ता एवं प्रगति पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए। साथ ही जिले में निर्माणाधीन नर्सिंग कॉलेज एवं छात्रावास के कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में सांसद नागर ने कहा कि पीएचई एवं जल निगम के कार्यों की नियमित निगरानी आवश्यक है ताकि जल जीवन मिशन के उद्धेश्यों की प्रभावी पूर्ति हो सके। राष्ट्रीय जल जीवन मिशन अंतर्गत संचालित हर घर जल अभियान की प्रगति की भी विस्तार से समीक्षा की गई ताकि प्रत्येक घर तक सुरक्षित पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित की जा सके।

### प्रधानमंत्री राहत योजना की हुई सराहना

इसके साथ ही प्रधानमंत्री राहत योजना की भी समीक्षा की गई। जनप्रतिनिधियों ने इस योजना की सराहना करते हुए बताया कि इसके अंतर्गत पंजीकृत अस्पतालों में सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों को 1 लाख 50 हजार रुपये तक का कैशलेस उपचार उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे जरूरतमंदों को बड़ी राहत मिल रही है। बैठक में राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) मछुआ कल्याण एवं मत्स्य विकास विभाग नारायण सिंह पंवार, राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कौशल विकास एवं रोजगार विभाग गौतम टेटवाल, विधायक खिलचीपुर हजारीलाल दांगी, विधायक नरसिंहगढ़ मोहन शर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष चंदर सिंह सोंधिया सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक में कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. इच्छित गढ़पाले तथा विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी भी मौजूद रहे।

## 12वीं के छात्रों ने दिया हिंदी का आखिरी पेपर, परीक्षा खत्म होने की खुशी में स्कूल के बाहर खेली होली



हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

शनिवार को कक्षा 12वीं का अंतिम (हिंदी) पेपर भी शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गया। इसके साथ ही महीनों से चल रहे पढ़ाई के तनाव से छात्रों ने राहत की सांस ली है। कक्षा 10वीं की परीक्षाएं एक दिन पहले ही खत्म हो चुकी हैं। शनिवार को 12वीं का पेपर खत्म होते ही परीक्षा केंद्रों के बाहर का नजारा पूरी तरह बदल गया और उल्लास से भरे छात्रों ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर जमकर जश्न मनाया। परीक्षा देकर बाहर निकले छात्र-छात्राओं ने बताया कि इस बार 4 मार्च को होली का मुख्य पर्व था, लेकिन उस दौरान उनकी बोर्ड परीक्षाएं चल रही थीं। अपने भविष्य और पढ़ाई को प्राथमिकता देते हुए कई छात्रों ने उस दिन होली नहीं खेली थी। उनका मुख्य फोकस सिर्फ अपनी परीक्षाओं की तैयारी पर था, जिसके कारण उन्होंने त्योहार की मस्ती को कुछ दिनों के लिए टालने का फैसला किया था।


### पेपर गया शानदार

छात्रों के चेहरे पर परीक्षा खत्म होने की दोहरी खुशी साफ नजर आ रही थी। उन्होंने बताया कि आज हिंदी का आखिरी पेपर था और वह काफी अच्छा गया है। परीक्षा के दबाव से पूरी तरह मुक्त होने के बाद, छात्र-छात्राओं ने स्कूल के बाहर ही अपने दोस्तों की टोलियों के साथ एक-दूसरे को गुलाल लगाकर बधाई दी और गले मिलकर अपनी रुकी हुई होली का जमकर आनंद लिया।

## मेडतवाल समाज की वार्षिक बैठक आयोजित

**जीरापुर।** मेडतवाल समाज की वार्षिक बैठक समाज की धर्मशाला में आयोजित हुई। जहां सर्वप्रथम मां फलोदी एवं हनुमानजी महाराज की पूजा अर्चना एवं मंत्रोच्चारण दिनेश जमींदार , योगेश गुप्ता ने किया। तत्पश्चात समाज के समस्त महिला पुरुष युवा वर्ग की बड़ी संख्या में उपस्थित के साथ बैठक कि कार्यवाही प्रारंभ की गई। जिसमें समाजजनों ने अपने अपने विचार एवं सुझाव दिए धर्मशाला में मैनेजर हेतु पुनः दिनेश गुप्ता रावली को समाज की शर्तों के मुताबिक नियुक्त किया गया। समाज अध्यक्ष रामेश्वर टांक ने धर्मशाला के समीप खरीदी गई जमीन एवं बड़े हाल के ऊपर तीन शेड लगाने संबंधी जानकारी प्रस्तुत की। समाज के वरिष्ठ ठाकुर मोहनसिंह जमींदार, रामेश्वर टांक सहित अन्य सदस्यों जिनमें रामप्रसाद बैरिस्टर, दिनेश जमींदार , जगदीश गुप्ता दांईखेड़ी, राजेश गुप्ता नाना, संजय गुप्ता, शेलेन्द्र जमींदार (रामु), श्याम मेडतवाल भण्ड़ावद, अनिल गुप्ता, संजय गुप्ता ने अपने अपने विचार सुझाव प्रस्तुत किए। जिसमें वार्षिक लेखा जोखा संजय गुप्ता ने प्रस्तुत कर पुरे वर्ष भर की आय व्यय सम्बंधित जानकारी दी। समस्त प्रस्तावों को बिंदुवार गोविंद बरोंज ने इंद्राज किये। इस अवसर पर नवयुवक संघ अध्यक्ष पद पर अनिल गुप्ता परोलिया को एवं महिला मण्डल अध्यक्ष पद पर पुनः कुसुम टांक को नियुक्त किया गया।

## पूर्व केंद्रीय गृह मंत्री अहीर का कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत



**सारंगपुर।** पूर्व केंद्रीय गृह राज्यमंत्री एवं पूर्व अध्यक्ष केंद्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग हंसराज अहीर का गुरुवार को भाजपा नेता मनोज राठौर के निवास पर स्वागत किया गया। जानकारी के अनुसार अहीर नलखेड़ा से भोपाल जाते समय सारंगपुर पहुंचे, जहां भाजपा नेता दिनेश राठौर एवं मनोज राठौर के निवास पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा उनका पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर राजेंद्र जाजू (इंदौर), माखनलाल राठौर, कैलाश सोलंकी, हर्ष राठौर सहित कई भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस दौरान श्रीअहीर ने क्षेत्र की शांति एवं कानून व्यवस्था को लेकर भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों और विश्व में चल रहे तनावपूर्ण माहौल के बीच भारत में शांति और स्थिरता बनी हुई है, जिसका प्रमुख कारण केंद्र सरकार की नीतियां और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सफल नेतृत्व है।

### कांग्रेस नेता सहित कई किसानों का 30 बीघा गेहूं खाक

# उदनखेड़ी में गेहूं की खड़ी फसल में लगी आग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

ग्राम उदनखेड़ी में शनिवार दोपहर गेहूं की खड़ी फसल में अचानक आग लगने से किसानों को भारी नुकसान हुआ। आग की इस घटना में पूर्व जनपद अध्यक्ष और कांग्रेस नेता नंदलाल नागर सहित कई किसानों की करीब 30 बीघा गेहूं की फसल जलकर खाक हो गई। आग लगने की घटना से गांव में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और किसान अपनी फसल बचाने के लिए मौके पर दौड़ पड़े।

जानकारी के अनुसार उदनखेड़ी के सराली रोड स्थित खेतों में शनिवार करीब 12 बजे अचानक आग लग गई। देखते ही देखते तेज हवा के कारण आग तेजी से फैलती चली गई और आसपास



के खेतों को भी अपनी चपेट में ले लिया। आग इतनी तेजी से फैली कि किसानों को संभलने तक का मौका नहीं मिला और खड़ी फसल धू-धू कर जलने लगी।

इस आग में पूर्व जनपद अध्यक्ष और कांग्रेस नेता नंदलाल नागर के करीब 20 बीघा गेहूं की खड़ी फसल पूरी तरह जलकर नष्ट हो गई। वहीं किसान लक्ष्मीनारायण नागर के करीब साढ़े चार बीघा खेत में लगी गेहूं की फसल भी आग की चपेट में आकर खाक हो गई। इसके अलावा आसपास के तीन-चार अन्य किसानों की फसल भी जलने की जानकारी सामने आई है। कुल मिलाकर लगभग 30 बीघा से अधिक क्षेत्र में लगी फसल आग में जलकर नष्ट हो गई। घटना की सूचना मिलते ही सारंगपुर और पचोर से दमकल वाहन मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों और किसानों ने भी अपने ट्रैक्टरों में टैंकर लगाकर खेतों तक पानी पहुंचाया और आग बुझाने की कोशिश की। काफी देर की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका, लेकिन तब तक किसानों की बड़ी मात्रा में फसल जल चुकी थी। प्राथमिक तौर पर आग लगने का कारण खेतों के ऊपर से गुजर रही विद्युत लाइन में शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। घटना की सूचना मिलने पर पटवारी, ग्राम पंचायत सचिव और पुलिस बल भी मौके पर पहुंचा और स्थिति का जायजा लिया। प्रशासन द्वारा नुकसान का आकलन किया जा रहा है, वहीं प्रभावित किसानों ने शासन से उचित मुआवजा देने की मांग की है।


## कमलेश को साहू समाज का नगर अध्यक्ष निर्विरोध निर्वाचित किया



**ब्यावरा-राजगढ़।** साहू समाज की बैठक साहू धर्मशाला राजगढ़ में आयोजित की गई। बैठक साहू समाज के जिला अध्यक्ष रामनारायण साहू की अध्यक्षता में संपन्न हुई। साहू समाज के नगर अध्यक्ष हेतु इंदरसिंह साहू ने कमलेश साहू के नाम का प्रस्ताव रखा। उपस्थित सभी समाजजनों ने एकमत से इसका समर्थन किया। साहू समाज के लिए यह अत्यंत हर्ष का विषय है कि समाज के सक्रिय एवं लोकप्रिय सदस्य कमलेश साहू को सर्वसम्मति से साहू समाज का नगर अध्यक्ष निर्विरोध निर्वाचित राजगढ़ का किया गया है। यह निर्णय समाज के वरिष्ठजनों, पदाधिकारियों एवं सदस्यों की सहमति से लिया गया। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठ सदस्यों ने कमलेश साहू को पुष्पमाला पहनाकर उनका स्वागत किया तथा उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दीं। समाज के सभी सदस्यों ने विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में साहू समाज और अधिक संगठित, मजबूत एवं प्रगतिशील बनेगा तथा समाज के सामाजिक, शैक्षणिक और सांस्कृतिक विकास को नई दिशा मिलेगी।

### 10 मार्च से होगी सालाना उर्स की शुरुआत

# 112वें उर्स की तैयारियां तेज, आए कई तरह के झूले



**राजगढ़।** बाबा बदख्सानी की दरगाह पर इस वर्ष लगने जा रहे 112वें उर्स के लिए कमेटी द्वारा युद्ध स्तर पर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। इस वृहद आयोजन हेतु जहां झूलों सहित मनोरंजन के अन्य साधनों की टेंडर प्रक्रिया पूरी हो चुकी है वहीं उर्स क्षेत्र में विभिन्न तरह के घरेलू सामानों की दुकानों का आना भी शुरू हो चुका है। वक्फ बोर्ड द्वारा उर्स के ठीक पहले किए गए कमेटी के बदलाव के बाद नई कमेटी के सदर इलिहास हाफिज सहित अन्य पदाधिकारी एवं सदस्यों द्वारा सभी तरह के इंतेजामात किए जा रहे हैं। आपको बतादें कि आगामी 10 मार्च को गुसल शरीफ की रस्म के साथ सालाना उर्स की शुरूआत होगी।

### आमजनों की मांग कम हो झूलों का किराया

गत वर्ष उर्स में आए झूलों, सर्कस, मौत का कुआं, नाव सहित मनोरंजन के अन्य साधनों की बात करें तो प्रति व्यक्ति 50 रुपए किराया निर्धारित किया गया था। परिवार के साथ उर्स जाने वाले व्यक्तियों की जेब पर इतना अधिक किराया काफी भारी पड़ता है। ऐसे में इस बार के उर्स के लिए राजगढ़ के बच्चों सहित आमजनों ने नई कमेटी के पदाधिकारियों एवं प्रशासन से मांग रखी है कि झूलों का किराया 50 रुपए से कम रखा जाए ताकि मजदूर, गरीब सहित सभी वर्ग के लोग उनका लुत्फ उठा सकें।

### 12 मार्च का स्थानीय अवकाश घोषित

उल्लेखनीय है कि इस सालाना उर्स में न केवल राजगढ़ बल्कि समीप के अन्य जिलों से भी हजारों की संख्या में जायरीन आया करते हैं। उर्स की लोकप्रियता के मद्धेनजर जिला कलेक्टर द्वारा पूर्व में ही संपूर्ण राजगढ़ जिले में 12 मार्च का स्थानीय अवकाश घोषित किया जा चुका है।

# बोर्ड परीक्षाएं: 55296 में से 14480 उत्तर-पुस्तिकाएं जांची

### स्थानीय उत्कृष्ट विद्यालय में चल रहा मूल्यांकन कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आहूत हाईस्कूल एवं हायर सेकंडरी की परीक्षाओं का शुक्रवार का निर्विघ्न समापन हो गया।

इन परीक्षाओं के लिए पूरे जिले में बनाए गए कुल 63 केंद्रों में से कहीं से भी नकल का कोई प्रकरण सामने नहीं आया है। उधर, इन्हीं परीक्षाओं से संबंधित उत्तर-पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य स्थानीय उत्कृष्ट विद्यालय में सतत रूप से जारी है। चार चरणों में चल रहे उत्तर-पुस्तिकाओं के मूल्यांकन हेतु जिले को अभी तक कुल 55 हजार 296 उत्तर-पुस्तिकाएं प्राप्त हुई हैं जिनमें से 14 हजार 480 उत्तर-पुस्तिकाओं का मूल्यांकन पूर्ण हो चुका है। मूल्यांकन कार्य प्रभारी सह उत्कृष्ट विद्यालय प्राचार्य महेश गुप्ता ने बताया कि अभी जिले में और भी उत्तर-पुस्तिकाएं मूल्यांकन हेतु आना शेष है। आगामी 11 मार्च और 22 मार्च को तृतीय एवं चतुर्थ चरण का मूल्यांकन कार्य आरंभ हुआ जिसके लिए कॉपियां जिले में आएंगी।

### नोटिस के बाद तेज हुआ मूल्यांकन कार्य

विभाग द्वारा जिन शिक्षकों की ड्यूटी मूल्यांकन कार्य हेतु लगाई गई थी उनमें से कईयों ने शुरूआत में लापरवाही बरती और मूल्यांकन के




लिए केंद्र पर ही नहीं पहुंचे। विभाग द्वारा दिए गए कारण बताओ सूचना-पत्रों के उपरान्त अब लगभग सभी मूल्यांकनकर्ता केंद्र पर पहुंच रहे हैं। गुप्ता ने उम्मीद जताई कि मंडल द्वारा निर्धारित समयावधि में उत्तर-पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा।

## कैंसर पीड़ितों की मदद के लिए बच्चों ने गुल्लक फोड़ी, जुटाए 31 हजार रुपए

**कुरावर।** कैंसर आज विश्व स्तर पर तेजी से फैलने वाली गंभीर बीमारियों में शामिल हो चुका है। हर वर्ष दुनिया भर में बड़ी संख्या में कैंसर के नए मामले सामने आते हैं और लाखों लोगों की मौत हो जाती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट के अनुसार कैंसर विश्व में मृत्यु का दूसरा सबसे बड़ा कारण बन चुका है। वर्ष 2022 में लगभग 97 लाख लोगों की मौत कैंसर से हुई थी। अनुमान है कि वर्ष 2050 तक यह आंकड़ा 3.7 करोड़ तक पहुंच सकता है। भारत में भी कैंसर एक गंभीर स्वास्थ्य चुनौती बनता जा रहा है। वर्ष 2023 के अनुमान के अनुसार देश में कैंसर से होने वाली मौतों की दर प्रति एक लाख जनसंख्या पर 86.9 तक पहुंच गई है। हर साल लाखों लोग इस जानलेवा बीमारी से प्रभावित हो रहे हैं।



इसी को देखते हुए संस्था होली एंजेल्स स्कूल के विद्यार्थियों ने संवेदनशीलता का परिचय देते हुए अपनी गुल्लक फोड़कर कैंसर पीड़ितों के इलाज के लिए हैप्पीनेस वेलफेयर सोसाइटी को 31 हजार रुपए की सहायता राशि प्रदान की। इन विद्यार्थियों में रौनक सिंह (कक्षा 5वीं,) ने 1100 रुपए, जानकी उमरे (कक्षा 6वीं ) ने 939 रुपए, सक्षम चंद्रवंशी (कक्षा 5वीं) ने 816 रुपए, संस्कार तिवारी (कक्षा 5वीं ) ने 800 रुपए, अनामिका शर्मा (कक्षा 4वीं, पैंसी) ने 610 रुपए, तरुषा भावसार (कक्षा 4वीं) ने 510 रुपए, समर चंद्रवंशी (कक्षा 6वीं) ने 510 रुपए तथा आदित्य (कक्षा 6वीं) ने 505 रुपए का योगदान दिया। बच्चों के इस सराहनीय योगदान पर नायब तहसीलदार सुनीता मैडम ने उन्हें ट्रॉफी और मेडल देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर हैप्पीनेस वेलफेयर सोसाइटी के कॉर्डिनेटर राहुल गोस्वामी, स्कूल संचालक जस्टिन के. जोसफ, जांसी जेस्टिन तथा स्टाफ कॉर्डिनेटर अर्जुन सिंह राजावत ने विद्यार्थियों का सम्मान करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया।

### नगर में उत्कृष्ट कार्य करने वाली संस्था प्रमुखों का किया सम्मान

# होली उत्सव के तहत नगर में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का हुआ आयोजन, कवियों ने गुदगुदाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

सार्वजनिक हिन्दू उत्सव समिति के तत्वावधान में होली उत्सव के तहत आयोजित सात दिवसीय रंगारंग कार्यक्रमों की श्रृंखला में शुक्रवार रात्रि को नया बस स्टैंड पर अखिल भारतीय कवि सम्मेलन आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मंत्री गौतम टेटवाल हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष डॉक्टर ध्रुव भल्ला नगर पालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल भाजपा मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद सत्यनारायण शर्मा सहित सभी कवियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कवि सम्मेलन का शुभारंभ किया। कवियत्री प्रिती त्रिपाठी दिल्ली द्वारा अपने शुभ मधुर स्वर में सरस्वती वंदना कर



होली का गीत पास आओ की माहौल शराबी कर दो छोड़ दो आज शराफत को खराबी कर दो, दूधिया रंग मोहब्बत के बिना फीका है रंग लेकर मेरे गाल को गुलाल कर दो। सहित अपने अन्य गीतों के माध्यम से शुरुआत में ही कवि सम्मेलन का भव्य आगाज किया। वहीं कवि सम्मेलन के सूत्रधार पंकज पलाश शाजापुर ने अपनी गजल, उस कहानी के आंखों के आंसू है हम जिसके सपनों ने आकार पाया नहीं, सांस लेते हुए पत्थरों में रहे प्यार बाटा मगर प्यार पाया नहीं ,ये बदन पी गया कितने सूरज मगर फिर भी ये साया मुझसे आगे निकल गया, एक आईना हु में जिससे देखता हु में देखते देखते मुझसे कितना आगे निकल गया सहित अन्य गजलों को पड़ा साथ ही हास्य कवि अर्जुन अल्हड कोटा राजस्थान एवं मालवी हास्य कवि नरेंद्र नखेत्री नागदा ने अपनी शानदार एवं विशेष रूप से हास्य-व्यंग्य से भरपूर कविताओं से समस्त नगरवासियों को देर रात तक हँसने को मजबूर करते हुए आनंदित कर दिया। इस दौरान पुर्व नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि भेरुलाल पुष्पद गोरव नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि निलेश वर्मा दिनेश सिसोदिया महेश पाटीदार सतीश मिश्रा भुपेन्द्र जोशी सतीश राठौर लोकेश सोलंकी इशांत मंगल संतोष प्रजापति संजय विजयवर्गीय सतीश गिरजे प्रकाश पुरी महेश प्रजापति कैलाश पुष्पद रामेश्वर पुष्पद कमल राठौर विकास रजक सहित बड़ी संख्या में दर्शक तथा समिति के सदस्य उपस्थित थे।